आमंत्रण-पत्र

बिहार सरकार

राज्य आयुक्त नि:शक्तता (दिव्यांगजन) का कार्यालय,

पुराना सचिवालय, सिंचाई भवन परिसर, पटना।

फोन नं0-0612-2215041, email-scdisability2008@gmail.com

पत्रांक-सं0सं0-06/रा0आ0नि0 (च0न्या0)-03/2018 40/आ0 नि0 दिनांक-14 जनवरी'19

आमंत्रण

सेवा में,

सम्पादकगण,
प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बिहार, पटना
(ई-मेल सूची अनुसार)

विषय :- **दिनांक-15.01.2019 को अपराह्न 2:30 बजे से परिसदन, पटना में** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुपालन के तहत जिला पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक एवं दिव्यांगजनों के विभिन्न शिकायतों की सुनवाई के लिए चलन्त न्यायालय (लोक अदालत) के आयोजन (दिनांक-15.01.2019 से 19.01.2019 तक) **से सम्बन्धित संवाददाता/प्रेस वार्ता के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उक्त विषय के सम्बन्ध में अनुरोधपूर्वक कहना है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुपालन के तहत जिला पदाधिकारी एवं विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक एवं दिव्यांगजनों के विभिन्न शिकायतों की सुनवाई के लिए चलन्त न्यायालय (लोक अदालत) के आयोजन (दिनांक-15.01.2019 से 19.01.2019 तक) के सम्बन्ध में **दिनांक-15.01.2019 को अपराह्न 2:30 बजे से परिसदन, पटना में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ संवाददाता/प्रेस वार्ता का कार्यक्रम निर्धारित है।** उक्त संवाददाता/प्रेस वार्ता कार्यक्रम को इस कार्यालय का पत्रांक-930/आ0नि0को0 दि0-13.12.2018 के आलोक में जिलाधिकारी, पटना द्वारा प्रेषित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, समाहरणालय, पटना का पत्रांक-**XXXX-01/2018-**03/दि0स0को0 दि0-11.01.2019 में शामिल किया गया है।

आप सभी प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह है कि उक्त संवाददाता/प्रेस वार्ता में शामिल होकर दिव्यांगजनों के हितार्थ राज्य आयुक्त नि:शक्तता कार्यालय द्वारा आयोजित समीक्षात्मक बैठक व दिव्यांगजनों के विभिन्न शिकायतों की सुनवाई के लिए आयोजित चलन्त न्यायालय (लोक अदालत) हेतु अपने स्तर से अधिकाधिक सहयोग प्रदान करने की कृपा करें।

उपरोक्तानुसार एतद द्वारा आप सभी **दिनांक-15.01.2019 को अपराह्न 2:30 बजे से परिसदन, पटना में आयोजित संवाददाता/प्रेस वार्ता के कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।**

14.01.19

(डॉ0 शिवाजी कुमार)
राज्य आयुक्त नि:शक्तता,
बिहार, पटना।